भोपाल की बस्तियों में 50 प्रतिशत बच्चे कुपोषित

नागरिक अधिकार मंच द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार भोपाल की 11 बस्तियों में लगभग 50 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। इनमें से कुछ अत्यधिक कुपोषित भी हैं। यह अध्ययन जिन बस्तियों में किया गया वहां पर ज़्यादातर आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग के लोग रहते हैं।

अध्ययन निम्नलिखित 11 बस्तियों में किया गया थाः 1. श्याम नगर 2. गौतम नगर 3. राजीव नगर 4. राहुल नगर 5. बलवीर नगर 6. झागरिया 7. न्यू अम्बेडकर नगर 8. शंकर नगर 9. पात्रा पुल 10. मलिन बस्ती 11. न्यू आरिफ नगर।

जनवरी-फरवरी 2011 में 5 साल से छोटे बच्चों के पोषण की स्थिति पता करने के लिए बेतरतीबी से चुने गए 255 बच्चों का वज़न लिया गया। इसकी तुलना मध्यप्रदेश शासन के महिला और बाल विकास विभाग द्वारा जारी वृद्धि चार्ट से करके बच्चों के पोषण/कुपोषण का स्तर निकाला गया। करीब 50 प्रतिशत बच्चे कुपोषित पाए गए। तालिका में इन बस्तियों में कुपोषण की स्थिति बताई गई है।

इन बस्तियों में रहने वाले ज़्यादातर लोगों की अजीविका मज़दूरी, माल ढुलाई, सब्ज़ी बेचना आदि से चलती है। इन बस्तियों में रहने वाले लोग बी.पी.एल. कार्ड धारक हैं। लेकिन उन्हें पानी, बिजली, शौचालय, स्वास्थ्य, स्कूल, आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है जिसका असर बच्चों पर पड़ता है।

आम तौर पर कुपोषण की बात चलती है, तो ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान जाता है। मगर नागरिक अधिकार मंच द्वारा उक्त 11 बस्तियों में किए गए अध्ययन से पता चला है कि भोपाल जैसे शहरों की हालत भी बेहतर नहीं है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक जहां भारत के 3 साल से कम उम्र के 46 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं वहीं मध्यप्रदेश में 60 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में कुपोषण से सन् 2005 से 2009 के बीच 1,30,233 बच्चों की मौत हुई थी।

गंभीर और चिंताजनक स्थिति में जी रहे कुपोषण के शिकार बच्चों की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि ऐसे हालात पर काबू पाया जा सके और उन्हें बचाया जा सके। ***(स्रोत फीचर्स)***

भोपाल की बस्तियों में कुपोषण की स्थिति

बस्ती का नाम	सामान्य	कुपोषित	अतिकुपोषित	कुल बच्चे
1. श्याम नगर	11	10	4	25
2. गौतम नगर	17	4	4	25
3. राजीव नगर	10	10	5	25
4. राहुल नगर	15	9	1	25
5. बलवीर नगर	8	4	3	15
6. झागरिया	15	7	3	25
7. न्यू अम्बेडकर नगर	16	2	7	25
8. शंकर नगर	6	6	3	15
9. पात्रापुल	6	10	9	25
10. मलिन बस्ती	12	5	8	25
11. न्यू आरिफ नगर	13	8	4	25
कुल	**129**	**75**	**51**	**255**